तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 1 अगस्त 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 आओ सखी सावन कार्यक्रमः हरी-पीली और गुलाबी परिधान में नजर आईं...


12 बहुदिव्यांग विशेष अवासीय विद्यालय का निरीक्षण...


2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

# जुलाई में बरसे बादल से बोनी का कार्य पूर्ण, अब दवाई एवं खाद का छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में जुलाई माह में हुए बरसात किसानों के लिए वरदान साबित हुई है। रुक-रुक के हो रही बारिश के चलते किसानी पिछड़ गई। लेकिन, पूरे जुलाई माह में बरसे बादल नें किसानों को खेती करने में सहूलियत हुई, जिससें बोनी का कार्य पूर्ण हो पाया है फिलहाल अब मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा अभी आने वाले दिनों में बारिश की संभवाना नही है। जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून 2025 से अब तक 529.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। खरीफ वर्ष 2025 में जिले में खरीफ फसल के लिए धान बोवाई का लक्ष्य 2 लाख 40 हजार हेक्टेयर रखा गया है। इसके अतिरिक्त, शेष रकबा दलहन-तिलहन, मूंगफली, सोयाबीन, सब्जी और अन्य फसलों के लिए निर्धारित किया गया है। अब धान के बोवाई लगभग पूर्ण हो चुका है अब किसान अपनी फसलों में दवाई एवं खाद का छिड़काव करने में जुटे हुए है।

किसानों बताया कि जुलाई में अच्छी बारिश होने से खरीफ फसलों की स्थिति अच्छी पाई गई है। इसी तरह किसानों को खेती किसानी में सहूलियत दिलाने चालू सत्र में ऋण वितरण लक्ष्य 470 करोड़ रखा गया है। जिसके विरुद्ध 346.22 करोड़ ऋण वितरण किया जा चुका है। जिसमें 74 हजार 450 किसानों को 295.31 करोड़ रुपए की राशि नगद वितरण एवं 50.91 करोड़ का खाद बीज वितरण शामिल है। वहीं रबी सीजन के ऋण की वसूली भी की जा रही है जिसमें अभी लगभग 33 करोड़ की वसूली भी हो चुकी है।

## मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा, अभी आने वाले दिनों में बारिश की संभावना नहीं

### किसानों को ऋण, बीज और उर्वरक का वितरण

खरीफ मौसम में किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से शून्य प्रतिशत व्याज पर कृषि ऋण, बीज एवं उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। 1 अप्रैल से 28 जुलाई की स्थिति में जिले के सहकारी समितियों में कुल 40 हजार 309 मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है, जिसमें से 33792 टन खाद का वितरण किया जा चुका है। अब तक भंडारित खाद में सहकारी समितियों में यूरिया 19 हजार 165 टन, सुपर फॉस्फेट 9 हजार 827 टन, पोटाश 2 हजार 780, डी.ए.पी. 4 हजार 934 एवं एन.पी.के 3 हजार 604 टन भंडारित किया गया है। वर्तमान में 06 हजार 517 टन खाद विक्रय हेतु शेष है।



### डीएपी की जगह वैकल्पिक उर्वरकों का उपयोग

कृषकों ने डीएपी की मांग को ध्यान में रखते हुए डीएपी के स्थान पर वैकल्पिक उर्वरकों जैसे एसएसपी, एनपीके के माध्यम से पूर्ति की जा रही है। कृषकों को गुणवत्तायुक्त बीज एवं उर्वरक उपलब्ध हो यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बीज एवं उर्वरक के नमूने अधिसूचित परीक्षण प्रयोगशाला को परीक्षण के लिए प्रेषित किया जा रहा है। परीक्षण परिणाम अमानक पाए जाने पर नियमानुसार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### शराब बनाने का सामान जब्त

**महासमुंद।** सांकरा पुलिस ने ग्राम पाटनदादर बाबा डेरा के पास नहर किनारे शराब व शराब बनाने का सामान जब्त किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ व्यक्ति अवैध रूप से हाथ भट्ठी से महुआ शराब बना रहे हैं। इसके बाद पुलिस को आते देखकर शराब बनाने वाले वहां से भाग निकले। पुलिस ने घटनास्थल ग्राम पाटनदादर बाबाडेरा के पास नहर किनारे से एक सफेद रंग की प्लापस्टिक जरकीन में भरा 15 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 3000 रुपए, पांच सौ लीटर क्षमता वाली नीले रंग के 03 नग खाली ड्रम कीमत 1500 रुपए, ढाई सौ लीटर क्षमता वाला खाली ड्रम 01 नग कीमत 250 रुपए, गिलट का बड़ा गंज 2 नग कीमत 1600 रुपए, गैस चूल्हा एवं गैस टंकी 02 नग कीमत 3000 रुपए कुल सामान कीमत 9350 रुपए को जब्त किया गया। मामले में अज्ञात आरोपियों की खोजबीन की जा रही है।

### श्वेतगंगा में जलेंगे 1 हजार दीये

**महासमुंद।** श्वेतगंगा आरती एवं बोलबम सेवा समिति बम्हनी द्वारा शनिवार को 1 हजार दीप जलाकर गंगा आरती की जाएगी। इसको लेकर समिति के सदस्यों द्वारा तैयारी की जा रही है। ग्राम बम्हनी समेत आसपास के गांवों में मुनादी कराकर लोगों को गंगा आरती में आमंत्रित किया जा रहा है। शनिवार को श्वेतगंगा में जल लेने हजारों की संख्या में कांवर यात्री पहुंचेगे, जो अंतिम सावन सोमवार को जलाभिषेक कर अपनी यात्रा पूर्ण करेंगे। यहां से जल लेकर अधिकांश कांवरिए सिरपुर जाते है। इसके अलावा कनेकेरा, भूतेश्वर महादेव की ओर कांवरियों का जत्था रवाना होता है।

## आक्रोश : ग्रामीणों की बैठक में लिया गया निर्णय, नागरिकों में गुस्सा

# पचेड़ा में सड़क जर्जर, पखवाड़ेभर में सुधार नहीं होने पर ग्रामीणों ने दी चक्काजाम की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 353 पर स्थित ग्राम पंचायत पचेड़ा के मुख्य पहुंच मार्ग की हालत दयनीय हो गई है। जगह-जगह गड्ढे होने से राहगीरों एवं छात्र-छात्राओं को आने जाने में बहुत परेशानी हो रही है, और बरसात के दिनों में बारिश होने पर सड़क कीचड़ से सरबोर हो जाता है। सड़क जर्जर होने के कारण गिट्टी भी उखड़ रही है।

ग्राम पंचायत पचेड़ा के सरपंच श्यामाबाई टंडन ने बताया कि ग्राम पंचायत पचेड़ा खल्लारी विधानसभा के प्रथम गांव है, जो नेशनल हाईवे 353 से लगा है। यहां पटवारी हल्का, पोस्ट ऑफिस, उपस्वास्थ्य केंद्र और हायर सेकंडरी स्कूल जैसे शासकीय कार्यालय है एवं सप्ताहिक हाट बाजार भी लगता है। जिसमें आसपास के गांव के लोगों का आना जाना लगा रहता है। लेकिन, अभी तक इसकी रिपेयरिंग नहीं किया गया है। ग्राम पंचायत पचेड़ा द्वारा संबंधित विभाग को लिखित में सूचना दिया गया है। साथ ही उप मुख्यमंत्री अरुण साव को ज्ञापन सौंपा गया है। इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया गया है, जिससे ग्रामवासियों में रोष व्याप्त है और ग्रामीणजनों ने गांव में बैठक कर निर्णय लिया गया है कि अगर 15 दिवस के अंदर विभाग द्वारा संज्ञान नहीं लिया जाता है तो ग्रामवासियों द्वारा चक्काजाम जैसे आंदोलन करने में मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।



### बैठक में जुटे ग्रामीण

बैठक में प्रमुख रूप से जितेंद्र टंडन सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत पचेड़ा, मोहन मिरी उपसरपंच, शत्रुघ्न साहू पूर्व जनपद सदस्य प्रत्याशी, शेख अलाऊद्दीन खान पूर्व उपसरपंच, देवानंद साहू पंच, राकेश दुबे पंच, माधोराम साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति पचेड़ा, मानिक लाल टंडन उपाध्यक्ष समिति पचेड़ा, दिलीप नारंग, भोज निषाद, भोजराम साहू, चंदूलाल नायक, सेवकराम साहू, भीषण पांडे, चिंटू अजगले, अशोक साहू, लोकेश्वर सेन, कुलिंदर ढीढी, कमल यादव, गुलाब साहू, भीखम सोनवानी, श्याम कुमार ध्रुव, उदय साहू, संतोष महानंद, मनोज साहू, मनोज रात्रे, राजेंद्र साहू, बिंदुलाल क्षेत्रपाल, सेवाराम पटेल, ताराचंद साहू, आदि उपस्थित थे।

### शराब बेच रहे दो पर कार्रवाई

**महासमुंद।** खैराडेरा से घुंचापाली की ओर जाने वाले कच्चे मार्ग पर पहाड़ के पास शराब की अवैध बिक्री कर रहे दो लोगों को बागबाहरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी आदित्य राजपूत पिता मनोज राजपूत (21 साल) तथा मनोज राजपूत पिता रामकृपाल राजपूत (58 साल), हाल निवास सुनसुनिया, थाना बागबाहरा, स्थाई पता गंजपारा, थाना व जिला महासमुंद के संयुक्त कब्जे से 48 पौव्वा देशी प्लेन शराब, 10 पौव्वा देशी मशाला शराब तथा 10 पौव्वा अंग्रेजी गोवा शराब कीमत करीबन 6040 रुपए तथा अलग से एक भूरे रंग के डिब्बे से करीबन 4 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब कीमत करीबन 800रुपए कुल करीबन 6840 रुपए, बिक्री रकम नगद 1160, मोबाइल व बाइक को जब्त किया गया है।

# तीन माह बाद नए रूप में दिखेगा रेलवे स्टेशन

### अमृत भारत स्टेशन योजना का काम अक्टूबर तक संभव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय में स्थित रेलवे स्टेशन तीन माह बाद अपने अलग स्वरूप लोगों को नजर आएगा। जिसमें अमृत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म, सुंदर लैंडस्कैप, रूफ प्लाजा, कियोस्क, फूड कोर्ट, बच्चों के खेलने का स्थान आदि बनाए जा रहे है। इसके अलावा स्टेशन तक आसानी से पहुंचने के लिए सड़कों को चौड़ा करना, बिना काम के स्ट्रक्चर को हटाना, पैदल यात्री मार्ग बनाना और पार्किंग सुविधाओं को बढ़ाया जा रहा है। तीन महीने के बाद जिला मुख्यालय का रेलवे स्टेशन बदला-बदला सा नजर आएगा। मुसाफिरों के आने-जाने के रास्ते अलग होंगे। बाकी शहरों के रेलवे स्टेशनों की तर्ज पर महासमुंद स्टेशन में भी सुविधाएं मिलेंगी। अक्टूबर महीने में काम पूरा हो जाने की उम्मीद है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत महासमुंद रेलवे स्टेशन का कायाकल्प हो रहा है। पहले जून 2025 में कार्य पूर्ण होना था। अब अक्टूबर में आधुनिकीकरण का काम पूरा करने का लक्ष्य है। प्लेटफार्म नंबर एक की ऊंचाई बढ़ाई जा चुकी है। बता दें कि 6 अगस्त 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत महासमुंद रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण के लिए वर्चुअल उद्घाटन किया था। योजना के तहत महासमुंद रेलवे स्टेशन को हाईटेक बनाने के लिए कार्य हो रहे हैं। स्टेशन में आने-जाने के अलग-अलग रास्ते होंगे। स्टेशन में फूड कोर्ट और अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी।

### रेलवे स्टेशन में दिखेगी सिरपुर की झलक

पूर्व में कहा गया था कि स्थानीय विरासत को देखते हुए स्टेशन को विकसित किया जाएगा, इस पर अधिकारी वर्तमान में कुछ भी नहीं बोल पा रहे हैं। यह भी कहा गया था कि सिरपुर की तर्ज पर नए रेलवे स्टेशन को विकसित किया जाएगा। रेलवे के अधिकारी रमेश बाबू ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत अक्टूबर 2025 तक स्टेशन पर काम पूरा हो जाएगा।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासन पर बीईओ का फोकस, सुदूर क्षेत्रों में किया औचक निरीक्षण

**महासमुंद।** बागबाहरा विखं शिक्षा अधिकारी केके वर्मा द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यालयों की वास्तविक स्थिति का आकलन करने के उद्देश्य से सुदूरवर्ती संकुल केंद्रों के अंतर्गत विभिन्न शासकीय विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान शासकीय प्राथमिक शाला डुमरडीह, बोडराबांधा भारतपारा, बोकरामुड़ा, कंडीझर, बिछलादादर, टेका, टुहलु, मड़यिापारा, मिडिल स्कूल डूमरडीह, टेका तथा हायर सेकंडरी स्कूल बोकरामुड़ा कला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एबीईओ रामता डे ने विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता और वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए इसे स्वच्छ और समयबद्ध रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जर्जर भवनों में कक्षाएं संचालित न करने तथा विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं करने पर बल दिया। विद्यालय परिसरों में किचन गार्डन विकसित कर बच्चों को ताजी व पोषणयुक्त सब्जियां उपलब्ध कराने के लिए भी प्रधानपाठकों को निर्देशित किया गया। बीईओ वर्मा ने विद्यालयीन अभिलेख और दस्तावेजों के सुव्यवस्थित संधारण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सभी रजिस्टर अद्यतन हों और निरीक्षण के समय उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही नवोदय प्रवेश परीक्षा और इंस्पायर मानक नामांकन को समय पर पूर्ण करने तथा पात्र विद्यार्थियों को प्रेरित करने के निर्देश दिए। शत-प्रतिशत पाठ्यपुस्तक वितरण की समीक्षा करते हुए उन्होंने इसे तत्काल पूर्ण करने के लिए कड़े निर्देश दिए। बीईओ केके वर्मा ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के शैक्षिक विकास के लिए नवाचार आवश्यक हैं। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के निराकरण के लिए तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने को कहा गया।

# मछली पकड़ने को लेकर हुए विवाद में मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मछली पकड़ने को लेकर हुए विवाद के चलते हुई मारपीट के मामले में आरोपियों के खिलाफ सरायपाली थाना में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पुलिस को गुणसागर प्रधान निवासी बालसी ने बताया कि वह मछली पालन का ठेकेदारी का काम करता है। 30 जुलाई की शाम लगभग 4.30 बजे ग्राम बालसी का जोगेंद्र रात्रे ने फोन कर बताया कि गांव के मध्य तालाब में आपके छोटे भाई जलपत प्रधान के लड़के लोकेश प्रधान के साथ गांव के चीनी लाल अजगल्ले एवं उसके लड़के बोधन अजगल्ले द्वारा मारपीट की गई। मौके पर पहुंचकर जब उसने अपनी पत्नी भामा प्रधान से पूछा तब उसने बताया कि लोकेश प्रधान द्वारा चीनी लाल अजगल्ले एवं उसके लड़का बोधन अजगल्ले को तालाब में मछली पकड़ने से मना किया गया, जिस पर उन दोनों के द्वारा लोकेश के साथ गाली गलौज कर मारपीट की गई। उसके बाद दोनों आरोपी वहां से भाग गए। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

वहीं प्रार्थी बोधन अजगल्ले निवासी बालसी ने बताया कि 30 जुलाई को वह गांव के मध्य तालाब में की ओर गया था। इस दौरान तालाब में गांव के बच्चे लोग मछली फंसाने के लिए गरी खेल रहे थे। उसको वह तालाब के मेड़ पार से देख रहा था, इसी दौरान शाम करीब 4:30 बजे गांव का लोकेश प्रधान आया और उसे तालाब में गरी क्यों खेल रहा है कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किया। इसके बाद दोनों अपने-अपने घर चले गये।

बाद में लोकेश प्रधान आक्रोशित होकर जेसीबी को चलाते हुये उसके घर के पास आया और घर को तोड़ फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 324(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण व पूजन 3 को

# पार्थिव शिवलिंग पूजन से होती है समस्त मनोकामनाओं की पूर्ति : पंकज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

श्रीमद भागवत आयोजन समिति द्वारा स्थानीय पंचशील क्लब में 3 अगस्त को कुछ क्षण शिव के संग के तहत सवालाख पार्थिव शिवलिंग पूजन अभिषेक का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। जनकल्याण के भाव से आयोजित इस कार्यक्रम की आचार्य पं. पंकज तिवारी है, जो अपने पुरोहितों के साथ पूजन विधान पूर्ण कराएंगे। अभिषेक पश्चात भंडारा व भव्य शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकलेगी, जो महामाया तालाब पहुंचकर विसर्जित होगी।

तिवारी ने बताया कि शिव पुराण के अनुसार पार्थिव पूजन से मनुष्य के जन्म जन्मांतर के पापों का क्षय होता है तथा समस्त मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। उन्होंने बताया कि पार्थिव शिव लिंग निर्माण का अपना अलग महत्व है। शिव पुराण में बताया गया है कि चोर भय से मुक्ति के लिए दो सौ, धन वस्त्र आभूषण, राजश्रय के लिए 5 सौ, विद्या, भूमि प्राप्ति के लिए 1 हजार, बंधन से छुटकारा के लिए 15 सौ, तीर्थाटन के लिए 2 हजार, दया व मित्र प्राप्ति के लिए 3 हजार, दरिद्रता निवारण के लिए 5 हजार, भूतप्रेत, भयमुक्ति के लिए 7 हजार व कामनाओं की सिद्धि, कन्या की प्राप्ति, देवों के समान ऐश्वर्य के लिए 10 हजार पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर पूजन करना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि पुत्र प्राप्ति के लिए 55 हजार तथा अतुल संपत्ति के लिए 10 हजार तथा मोक्ष, करोड़ों यत्र के समान फल प्राप्ति के लिए 1 करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर पूजन करना चाहिए।



समिति के जुगनू चंद्राकर, मूलचंद लढ्ढा, तारा चंद्राकर ने बताया कि यह आयोजन निःशुल्क है और श्रद्धालुओं को पूजन के लिए फूल, बेलपत्र व शिवलिंग निर्माण के लिए परात या थाली लेकर आना है।

## प्री मैट्रिक छात्रावास से छठवीं का छात्र भागा, कुछ घंटों में मिला

**महासमुंद।** बागबाहरा स्थित प्री-मैट्रिक आदिवासी के बालक छात्रावास से बुधवार को एक छात्र के भागने की फिराक में था, जिसे खोज लिया गया। बताया जा रहा है कि छात्र कल दोपहर से ही गायब था। इसी बीच हॉस्टल के बाहर सामान लेने गए छात्रों ने उसे देखा और हॉस्टल अधीक्षक और अन्य अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। मालूम हो कि छठवीं कक्षा में पढ़ने वाला छात्र हॉस्टल से भाग रहा था। यह छात्र बागबाहरा के वनांचल गांव से यहां रह कर पढ़ाई करने के लिए आया है। सुबह ही उनके परिवार वाले भी छात्र से मिलने आए थे। उसके बाद छात्र दोपहर में हॉस्टल से भाग निकला। हालांकि बाद में उसे खोज लिया गया।

खंड प्रभारी बागबाहरा आदिम जाति कल्याण विभाग के मनोज चौधरी से इस विषय में बताया कि बच्चे के पालक उनसे मिलने आए थे, तभी बच्चा उनके साथ जाने की जिद कर रहा था। उनके पालक चले गए तो बच्चे ने भी वहां से भागने की कोशिश की होगी। इस तरह से बर्ताव नए बच्चों में अक्सर होता है। छात्रावास अधीक्षक के मुताबिक हॉस्टल के छात्रों की मदद से बालक को पकड़ लिया गया और परिजनों को सौंपा गया है। इस प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास में कुल 42 बच्चे रहते हैं जो यहां रहकर अपनी शिक्षा लेते हैं। हॉस्टल से छात्र के भाग निकलने और मिल जाने की खबर के बाद छात्रावास की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। स्टेट हाईवे 353 के किनारे यह हॉस्टल स्थित है। यहां एक अधीक्षक हैं। तीन चपरासी रहते हैं जी अलग-अलग शिफ्ट में अपनी उपस्थिति देते हैं। हॉस्टल में नए बच्चे इस तरह से बच्चे हरकत करते हैं। बाद में बच्चे संभल जाते हैं। इसमें ऐसी कोई डरने की बात नहीं है।

# जमीन विवाद को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** जमीन विवाद को लेकर मारपीट किए जाने के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को दुर्गा टंडन वार्ड नं 07 लाफिन खुर्द ने बताया कि करीब 15 साल पहले दशरथ पुरैना के कब्जे की जमीन को खरीदकर अपने कब्जे में लेकर खेती किसानी का काम कर रहे हैं। 30 जुलाई को उसी खेत में धान की निंदाई का काम करने के लिए वह अपनी जेठानी सोनी टंडन एवं जुगनी टंडन के साथ गए थे। दोपहर करीब 12 बजे गांव का दशरथ पुरैना अपनी साइकिल में फावडा एवं डंडा ले कर आया और वह गुस्से में आकर कहा कि यह मेरा खेत है तुम लोग मेरे खेत में निंदाई का काम क्यों कर हो कहते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए पास पडे पत्थर को उठाकर प्रार्थिया की जेठानी सोनी टंडन के सिर में फेंक कर मार दिया जिससे उसके सिर में चोट लगी। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। वहीं इसी मामले में प्रार्थी दशरथ पुरैना निवासी वार्ड नं 6 लाफिन खुर्द ने पुलिस को बताया कि 30 जुलाई को 12 बजे वह अपने खेत बम्हनी खार में अपनी पत्नी हेमीन बाई के साथ काम करने के लिए गया था। जहां पहले से मौजूद कन्हैया सतनामी, टीकम सतनामी व अन्य महिलाओं ने हम लोगों को देख कर हमारे खेत में क्यों काम कर रहे हो, यह हमारा खेत है कहकर सभी एक राय होकर गाली गलौज करने लगे और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का, डंडा से मारपीट करने लगे। वे लोग मेरी पत्नी को मारने के लिए दौड़ा रहे थे, जिसके चलते वह वहां से भाग गई। मारपीट से उसके दाहिने हाथ, दोनों पैर, जांघ में चोटें आई। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के अंतर्गत जुर्म दर्ज किया गया है।

### जब्त अवैध रेत होगी नीलामी, 7 अगस्त से बोली की प्रक्रिया होगी प्रारंभ

**महासमुंद।** जिले में अवैध रूप से भंडारित किये गये खनिज विभाग के द्वारा कार्रवाई करते हुए जप्त कर जुर्माना भी लगाया गया था उसे अब नीलाम करने की तैयारी तेज हो गई है। इसके लिए निर्देश एवं समय सीमा तय हो चुकी है। बीते महीनो में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर खनिज विभाग ने यह कार्रवाई की है अवैध रेत भंडारण के मामले में, प्रशासन ने 2 करोड़ 18 लाख रुपये की रेत जब्त की है और 43 भूस्वामियों से 54 लाख 1 हजार 250 रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा, शासकीय भूमि में 14 स्थानों पर 62 हजार घनमीटर रेत का अवैध भंडारण पाया गया, जिस पर 1 करोड़ 64 लाख 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जिले में अवैध रेत उत्खनन, भंडारण और परिवहन पर प्रशासन सख्त कार्रवाई किया गया। खनिज विभाग ने ग्राम बरबसपुर में बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 करोड़ 18 लाख रुपये की रेत जब्त की इसके अलावा, 43 भूस्वामियों को 54 लाख 1 हजार 250 रुपये का जुर्माना लगाया गया है, जिन्होंने अपनी निजी जमीन पर अवैध रूप से रेत का भंडारण किया था शासकीय भूमि में 14 स्थानों पर 62 हजार घनमीटर रेत का अवैध भंडारण पाया गया, जिस पर 1 करोड़ 64 लाख 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

**खबर संक्षेप**



## कांग्रेस में मंडल व सेक्टर समिति गठन में आई तेजी


**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मंडल व सेक्टर कमेटी गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। इसका गठन 31 जुलाई तक अनिवार्य रूप से किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। शहर के ब्लाक प्रभारी द्वारा इसका कार्य तेजी से शुरू हो गया है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेस सृजन के तहत 3 वार्ड भक्त माता कर्मा, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, वामन राव लाखे वार्ड में सेक्टर एवं मंडल बनाने के लिए बैठक आहूत की गई। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, पूर्व विधायक और अन्य पदाधिकारियों से चर्चा की समिति गठन की प्रक्रिया शुरू की गई। बैठक में गिरीश दुबे, आकाश तिवारी, प्रशांत ठेगडी, दिनेश ठाकुर, उत्तम साहू, उत्तम देवांगन, सतनाम सिंह पनाग, ब्रह्मा सोनकर आदि उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी सुपरवाइजरों को प्राथमिक उपचार और सीपीआर का प्रशिक्षण



**रायपुर।** रायपुर जिले में आपातकालीन स्थितियों में त्वरित सहायता उपलब्ध कराने एवं जीवन रक्षक कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को मल्टीलेवल पार्किंग रायपुर में प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला प्रशासन एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। इस कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की 42 आंगनबाड़ी सुपरवाइजरों ने भाग लिया, जिन्हें रेड क्रॉस सोसाइटी के सहायक प्रबंधक देव प्रकाश कुर्रे ने सीपीआर की तकनीक, प्राथमिक उपचार के सिद्धांत और आपातकालीन स्थितियों में त्वरित निर्णय लेने की विधियों का अभ्यास कराते हुए प्रशिक्षण दिया।

## महिला सुपरवाइजरों को दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण



**रायपुर।** जिले में प्रोजेक्ट दक्ष हम होंगे स्मार्ट कार्यक्रम के अंतर्गत डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में सभी विभागों के कर्मचारियों को तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को महिला बाल विकास विभाग के सेक्टर सुपरवाइजर को कंप्यूटर एवं मोबाइल के मूलभूत उपयोग, डेटा की गोपनीयता, डिजिटल दस्तावेज प्रबंधन, ईमेल संचालन तथा एमएस ऑफिस जैसे महत्वपूर्ण टूल्स की जानकारी दी प्रशिक्षण दिया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मल्टीलेवल पार्किंग स्थित बीपीओ सेंटर में मास्टर ट्रेनर्स की मदद से चरणबद्ध रूप से संचालित किया जा रहा है। प्रतिदिन दो पालियों में 25-25 प्रतिभागियों के बैच बनाकर ऑन-हैंड प्रैक्टिकल सेशन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के समापन पर मूल्यांकन किया जाएगा एवं सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

## वृंदावन हॉल में सम्मान समारोह 3 को

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस के अवसर पर लाहोटी मित्र मंडल की ओर से 50 वर्ष वैवाहिक जीवन पूर्ण कर चुके 72 दंपतियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में 3 अगस्त को सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा। संस्था के संस्थापक व संयोजक लक्ष्मीनारायण लाहोटी एवं मीडिया प्रभारी चेतन चंदेल ने बताया कि छग के विभिन्न जिलों से चिन्हांकित किए गए ऐसे दंपत्ति जिनका विवाह सन 1975 के पूर्व हुआ है तथा वे अपने सफल वैवाहिक जीवन का स्वर्ण जयंती मना चुके है ऐसे 72 जोड़ों को सम्मानित किया जाएगा।

# फिल्टर प्लांट का जल शुल्क 5 साल में 130 करोड़ बकाया, निगम का बिजली बिल 200 करोड़ लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- राज्य शासन को लिखा पत्र, 330 करोड़ रुपये के समायोजन की मांग
- सिंचाई विभाग से शहर के लिए गंगरेल से उधार में ले रहे पानी



रायपुर नगर निगम अपने फिल्टर प्लांट के 5 साल का जल शुल्क भुगतान नहीं कर पाया है। सिंचाई विभाग से शहर के 70 वार्डों के लिए गंगरेल डेम से रॉ वाटर के रूप में जल शुल्क का 130 करोड़ रुपये का भुगतान लंबित है। इसी तरह निगम के 3 एसटीपी, फिल्टर प्लांट, मुख्यालय, जोन कार्यालय, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य स्थानों के बिजली बिल का बकाया 200 करोड़ रुपये तक जा पहुंचा है। बिजली विभाग को नगर निगम ने पिछले 4 साल से बिल का भुगतान नहीं किया है। ऐसे में अब जलशुल्क और बिजली बिल के बकाया राशि के भुगतान के लिए 330 करोड़ की राशि का समायोजन करने राज्य शासन को पत्र लिखा गया है। नगर निगम के पास सिंचाई विभाग को जल शुल्क का बकाया राशि का भुगतान करने पैसे नहीं हैं। पांच साल में जल शुल्क की बकाया राशि 130 करोड़ रुपये तक जा पहुंची है, जबकि नागरिकों से संपत्ति कर के साथ जल शुल्क की राशि हर साल समय पर वसूल की जा रही है। सिंचाई विभाग को गंगरेल डेम से शहर की पेयजल आपूर्ति के एवज में लंबित राशि का भुगतान किया जाना है। विदित हो कि निगम के जल विभाग ने शहर की पेयजल आवश्यकता को ध्यान में रखकर सतत जल आपूर्ति के लिए सिंचाई विभाग के साथ 15 साल का एग्रीमेंट कर रखा है।

### बिजली बिल की बकाया राशि 200 करोड़ प्लस

*सूत्रों के मुताबिक नगर निगम विद्युत विभाग को पिछले 4 साल से फिल्टर प्लांट, स्ट्रीट लाइट, मुख्यालय, जोन सहित अन्य स्थानों के बिजली देयक का भुगतान नहीं कर पाया है। बिजली बिल के रूप यह बकाया राशि 200 करोड़ रुपये प्लस तक पहुंच गयी है। ऐसे में निगम के वित्त महकमे ने राज्य शासन को बिजली बिल की बकाया राशि और फिल्टर प्लांट के जल शुल्क के बकाया राशि भुगतान के लिए 330 करोड़ रुपये की मांग से अवगत कराते हुए संबंधित विभाग में उक्त राशि समायोजन के लिए पत्र भेजा है।*

**सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का भी हो रहा कार्य**

# खनन विकास मॉडल से बदली गांवों की तकदीर, डीएमएफ से साढ़े 11 हजार करोड़ के एक लाख से ज्यादा कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने खनन को गांवों की तस्वीर और लोगों की तकदीर बदलने का जरिया बना दिया है। यहां के खनन प्रभावित इलाकों में पहले जहां मूलभूत सुविधाओं की कमी थी, अब यहां शुद्ध पेयजल, स्कूल, अस्पताल, सड़क, बिजली, सिंचाई और सार्वजनिक परिवहन जैसी सुविधाएं के साथ सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण का कार्य भी हो रहा है।

अब तक छत्तीसगढ़ में एक लाख एक हजार 313 विकास कार्य पूरे किए जा चुके हैं। इन पर 11 हजार 496 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं।

### छोटी से लेकर बड़ी परियोजनाओं पर काम

खनिज विकास फंड से खनन प्रभावित क्षेत्रों की छोटी छोटी स्थानीय जरूरतों को पूरा किया जा रहा है। सड़क, पुल-पुलिया से लेकर रेल परियोजनाओं जैसी विकास योजनाओं में भी खनिज विकास फंड सहभागी हो रहा है।



### मुख्यमंत्री साय बोले- विकास का नया उजाला

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खुद ही कहा है कि सतत विकास कार्यों से आ रहा बदलाव खनन प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले लोगों के जीवन में भी एक नया उजाला बन गया है। समुदाय के बच्चों को अब गांव में ही पक्के स्कूलों के सुरक्षित माहौल में बेहतर पढ़ाई की सुविधा मिल रही है, इलाज के लिए लोग शहरों की बजाय गांव के स्वास्थ्य केंद्रों पर ही सुविधाएँ मिल जा रही हैं। ऐसी योजनाएँ और स्थानीय स्तर पर तात्कालिक जरूरत के याले काम, जो सरकारी बजट में शामिल नहीं होते और उन्हें किया जाना आवश्यक हो, उन कामों के लिए भी खनिज विकास फंड संजीवनी साबित हो रहा है।

### दो साल में 920 करोड़ का आवंटन

डीएमएफ के माध्यम से छोटी योजनाओं और कार्यक्रमों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में लगभग एक हजार किलोमीटर की 4 बड़ी रेल परियोजनाएं खनिज विकास फंड की सहभागिता से स्थापित की जा रही है। इसके लिए पिछले 2 सालों में 920 करोड़ रूपए का आवंटन किया गया है। ईस्ट वेस्ट रेल कॉरिडोर, ईस्ट कॉरिडोर कटघोरा-डोंगरगढ़ रेल परियोजना, रामघाट-जगदलपुर रेल परियोजना खनिज विकास फंड की सहभागिता से ही गतिशील है। खरसिया-बलौदाबाजार-नवारायपुर-दुर्ग तक 300 किलोमीटर की नई रेल लाईन को भी नीति आयोग ने हाल ही में अनुमोदित किया है। इसे भी खनिज विकास फंड के समन्वय से ही घरातल पर उतारा जायेगा। छत्तीसगढ़ में रेल परियोजनाओं के साथ-साथ कई सड़क परियोजनाएँ और हवाई सम्पर्क के लिए एयरपोर्टों के विकास के काम भी इसी फंड से किए जा रहे हैं।

### 761 योजनाओं पर 215 करोड़ खर्च

जनकल्याण के लिए जिला खनिज न्यास मद फंड से पिछले वित्तीय वर्ष में 761 खास योजनाओं पर भी 215 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। इनमें युवाओं को रोजगार देने के लिए कौशल विकास केन्द्रों की स्थापना, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोजगार एवं कौशल विकास प्रशिक्षण और वृद्ध एवं दिव्यांगों के लिए कई सहायतार्थ योजनाएं चलाई जा रही हैं। सरकार के वार्षिक बजट के साथ-साथ खनिज विकास फंड की सहायता लेकर राज्य में मुख्यमंत्री बाईपास और रिंग रोड योजना, मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना, मुख्यमंत्री सुशासन फैलोशिप योजना, मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना, मुख्यमंत्री मोबाईल टॉवर स्कीम योजना, पीएन सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना जैसी नई पहल भी की गई है।

### आदिवासी समुदाय को लाभ

छत्तीसगढ़ में सीएआर और टीएमएफ के जरिए हो रहे विकास कार्यों का सबसे ज्यादा लाभ खनन प्रभावित क्षेत्रों के आदिवासी समुदाय के लोगों को मिल रहा है. सुरक्षित पर्यावरण, समावेशी विकास के संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ में न्यूनतम वन हानि, पुनर्भरण एवं पुर्ननवीनीकरण के प्रावधानों के सख्त पालन के साथ ही कल्याणकारी योजनाओं और अधोसंरचना विकास को गति देने का कार्य हो रहा है।

# ननों की गिरफ्तारी पर केरल-छत्तीसगढ़ भाजपा आमने-सामने, बैज ने सरकार से पूछा- कौन गलत और कौन सही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दुर्ग में दो ननों की गिरफ्तारी को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार और केरल के भाजपा अध्यक्ष के बीच टकराव अब सवालों के घेरे में आ गया है। एक ओर जहां छत्तीसगढ़ सरकार गिरफ्तारी को सही ठहराते हुए कार्रवाई की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने वीडियो जारी कर नन पर लगे आरोपों और की गई कार्रवाई को गलत बताया है। कांग्रेस ने इस पर सवाल उठाते हुए सरकार से स्पष्ट करने की मांग की है कि आखिर कौन गलत है और कौन सही है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा पर ध्रुवीकरण की राजनीति करने का आरोप भी लगाया है।



पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, धर्मांतरण भाजपा का चुनावी एजेंडा है। ननों की गिरफ्तारी के मामले में केरल के भाजपा प्रदेश महामंत्री ने सीएम और डिप्टी सीएम से मुलाकात की। राज्य सरकार मामले की लीपापोती में लगी है। उन्होंने कहा, भाजपा सिर्फ ध्रुवीकरण का काम कर रही है। केरल भाजपा अध्यक्ष के बयान अलग और राज्य सरकार के बयान अलग हैं। आखिर कौन झूठ बोल रहा है, इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

### क्रेडा कमीशनखोरी मामले पर कसा तंज

क्रेडा में 3 प्रतिशत कमीशनखोरी मामले में उन्होंने कहा, क्रेडा के वेंडरों ने पीएम, सीएम समेत कई नेताओं को पत्र लिखा। कमीशन नहीं देने पर डराया-धमकाया जा रहा है। यह पहली घटना नहीं, राजनांदगांव से भी ऐसी चिट्ठी आई है। सरकार सिर्फ ढोल पीट रही है। नेता-मंत्री जनता की गाढ़ी कमाई लूटने में लगे हैं।

### भर्ती घोटाले का आरोप

उन्होंने कहा, पहले वन विभाग आरक्षक, पुलिस भर्ती और अब समग्र शिक्षा विभाग से निकाली भर्ती में घोटाला हो रहा है। उन्होंने कहा, 40 हजार आवेदन आते हैं, 1300 की भर्ती करते हैं। महज 3 दिन में भर्ती कैसे संभव? हम तो भ्रष्टाचार का आरोप अभी लगा रहे हैं, आप पहले ही लेटर में भ्रष्टाचार नहीं होने की बात कह रहे हैं, इसमें भी जांच होनी चाहिए।

### गृहमंत्री को एके-47 रख लेनी चाहिए

बजरंग दल के प्रदर्शन की चेतावनी पर दीपक बैज ने कहा, भाजपा और बजरंग दल एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। बजरंग दल का वीडियो सामने आ रहा है। आवश्यकता पड़ने पर हथियार उठाने की बात कह रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं कहूंगा कि गृहमंत्री को एक-47 रख लेनी चाहिए। आखिर प्रदेश में लोकतंत्र है या नहीं? कोई भी बात हो तो सरकार को निष्पक्ष जांच करनी चाहिए।

**वित्त मंत्री चौधरी अमेरिका रवाना**

# प्रवासी समुदाय, छात्र, निवेशकों और उद्योगपतियों से करेंगे संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ओपी चौधरी बुधवार को सात दिवसीय अमेरिका यात्रा पर रवाना हुए। इस यात्रा का उद्देश्य अमेरिका में बसे प्रवासी छत्तीसगढ़वासियों से संवाद स्थापित कर उन्हें राज्य के विकास अभियान से जोड़ना है। श्री चौधरी इस दौरान अमेरिका में रहने वाले छत्तीसगढ़ी मूल के नागरिकों को प्रदेश के समग्र विकास में भागीदार बनने के लिए प्रेरित करेंगे तथा उन्हें वर्ष 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में तैयार "छत्तीसगढ़ अंजोर विजन 2047" से अवगत कराएंगे। वे आगामी एनआरआई शिखर सम्मेलन में प्रवासियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए भी आमंत्रण देंगे।

### एफडीआई-जेवी के लिए करेंगे संवाद

अपनी यात्रा के दौरान मंत्री श्री चौधरी अमेरिका में अध्ययनरत छत्तीसगढ़ी युवाओं से संवाद कर उनके लिए एक सशक्त सपोर्ट सिस्टम के निर्माण की दिशा में सुझाव प्राप्त करेंगे। साथ ही स्टार्टअप्स के क्षेत्र में कार्यरत युवाओं के अनुभवों को साझा कर उन्हें छत्तीसगढ़ में नवाचार और उद्यमिता के अवसरों से जोड़ने का प्रयास करेंगे। इसके अतिरिक्त, वे निवेशकों और उद्यमियों से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और संयुक्त उपक्रम (जेवी) की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे, जिससे राज्य में आर्थिक विकास को गति मिले। श्री चौधरी प्रवासी छत्तीसगढ़ियों को राज्य के रजत जयंती समारोह में सहभागी बनने के लिए भी आमंत्रित करेंगे। उनकी यह विदेश यात्रा 7 दिनों की होगी, जिसके दौरान वे विभिन्न शहरों में प्रवासी समुदाय, छात्र, निवेशक और उद्योगपतियों से संवाद करेंगे।

# युकां की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में युवा कांग्रेस नेता शाहिद बने महासचिव

**पूरे देश से 14 युवा नेताओं को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने युवा कांग्रेस की नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी का ऐलान कर दिया है। छत्तीसगढ़ के भिलाई के मोहम्मद शाहिद को राष्ट्रीय महासचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं पेंड्रा की प्रीति मांझी को राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव बनाया गया है।

वर्तमान में शाहिद बिहार के वरिष्ठ प्रभारी के रूप में कार्य कर रहे हैं। इससे पहले उत्तर प्रदेश, गुजरात और राजस्थान के प्रभारी रह चुके हैं। उन्होंने 2016 में चुनाव लड़कर दुर्ग जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष के पद से कार्य शुरू किया था। फिर 2018 में प्रदेश सचिव और 2019 में राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर बने। 2020 में राष्ट्रीय सचिव, 2022 में वरिष्ठ राष्ट्रीय सचिव और अब राष्ट्रीय महासचिव बने हैं। वर्तमान में शाहिद का दौरा बिहार के प्रत्येक जिलों में चल रहा



है और वे अगस्त के पहले सप्ताह में छत्तीसगढ़ लौटेंगे। इस नियुक्ति पर मो शाहिद ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता विपक्ष राहुल गांधी, युवा कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, अध्यक्ष उदय भानु ,पूर्व अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्णचंद पाढ़ी, पीसीसी महामंत्री सुबोध हरीतवाल का आभार व्यक्त किया है।

# रायपुर में खुलेगा एपेडा का क्षेत्रीय कार्यालय किसानों के लिए अब होगा मददगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात को प्रोत्साहन देने की दिशा में छत्तीसगढ़ को एक बड़ी सौगात मिली है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रयासों एवं उद्योग विभाग की सक्रिय पहल के फलस्वरूप भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने रायपुर में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपेडा) का क्षेत्रीय कार्यालय खोलने की स्वीकृति प्रदान की है।

### किसानों के लिए होगा मददगार

इस क्षेत्रीय कार्यालय के प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ के किसानों, उत्पादकों और निर्यातकों को अनेक लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगे। अब उन्हें ट्रेनिंग, प्रमाणन, पैकेजिंग, मानकीकरण और निर्यात संबंधी सेवाओं के लिए अन्य राज्यों के कार्यालयों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा।



### स्थानीय स्तर पर मिलेगी वैश्विक गुणवत्ता की सुविधा

राज्य में एपेडा कार्यालय की स्थापना से अब फाइटो-सेनेटरी प्रमाणपत्र, गुणवत्ता प्रमाणन, लैब टेस्टिंग, और निर्यात से जुड़ी प्रक्रियाएं यहीं पूरी की जा सकेंगी। इससे न केवल समय की बचत होगी बल्कि किसानों और निर्यातकों की लागत में भी कमी आएगी।

### छत्तीसगढ़ के उत्पादों को मिलेगी ब्रांडिंग और वैश्विक पहचान

एपेडा कार्यालय से फल, सब्जियाँ, चावल, जीआई टैग वाले उत्पाद, मिलेट्स और अन्य कृषि उत्पादों का सीधे अंतरराष्ट्रीय बाजार में निर्यात आसान होगा। इससे उत्पादों को उचित दाम, व्यापारियों को नए बाजार, और राज्य को वैश्विक मंच पर पहचान मिलेगी।

### किसानों की आय और ज्ञान दोनों में वृद्धि

निर्यात से किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी। साथ ही, नई तकनीकों, गुणवत्ता नियंत्रण, आधुनिक पैकेजिंग और अंतरराष्ट्रीय मार्केटिंग की जानकारी और प्रशिक्षण उन्हें स्थानीय स्तर पर मिल सकेगा।

### निर्यात बुनियादी ढांचे को मिलेगा प्रोत्साहन

एपेडा न केवल प्रमाणन और ब्रांड प्रमोशन में सहयोग करता है, बल्कि निर्यात बुनियादी ढांचे के निर्माण और रखरखाव में भी सहायता करता है। इससे राज्य में फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स, कोल्ड स्टोरेज, पैक हाउस जैसे सुविधाओं का विकास होगा, जिससे कृषि व्यापार को नई गति मिलेगी। विशेष योजनाएं और सब्सिडी का लाभ **राज्य को मिलेगा** : एपेडा द्वारा चलाए जा रहे एक्सपोर्ट प्रमोशन, स्किल डेवलपमेंट और सब्सिडी योजनाओं का लाभ अब छत्तीसगढ़ के किसान, स्टार्टअप और एमएसएमईएस को सहजता से मिल सकेगा।

**कई जिलों के अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर और सीईओ बदले गए**

# 8 आईपीएस समेत राप्रसे के 75 अफसरों के तबादले, रायपुर एडीएम देवेंद्र का स्थान लेंगी तुलसी राठौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में 8 आईपीएस समेत राज्य प्रशासनिक सेवा के 75 अधिकारियों का तबादला किया गया है। इनमें कई जिलों के अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) शामिल हैं। सूची में शामिल सभी अधिकारियों को 10 दिनों के भीतर नई पदस्थापना पर कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश भी दिया गया है। आदेश में ज्योति बबली कुजूर को उपायुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास को सचिव छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है।
सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, रायपुर के अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल को कोरबा भेजा गया है। तुलसी राठौर रायपुर की नई अपर कलेक्टर होंगी। अभिषेक अग्रवाल दुर्ग के अपर कलेक्टर और विभोर अग्रवाल जशपुर के अपर कलेक्टर होंगे। इसके अलावा अन्य अधिकारियों का भी तबादला किया गया है। जारी सूची के अनुसार राजेंद्र प्रसाद गुप्ता अपर आयुक्त नगर निगम रायपुर को अपर कलेक्टर, मुंगेली, सुरेंद्र प्रसाद वैध सीईओ गौरेला-पेंड्रा- मरवाही को अपर कलेक्टर, कोरिया, अरविंद कुमार पाण्डेय को अपर कलेक्अर गरियाबंद को एसीईओ, रायपुर विकास प्राधिकरण, अभिषेक अग्रवाल उप सचिव गृह को अपर कलेक्टर, दुर्ग, अरुण कुमार मरकाम अपर कलेक्टर कोरिया को उप सचिव, राजस्व एवं आपदा विभाग, मंत्रालय, सचिन भूतड़ा एसीईओ, नया रायपुर विकास प्राधिकरण को अपर कलेक्टर, महासमुंद, विजेंद्र सिंह पाटले अपर कलेक्टर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी को सीईओ जिला पंचायत, सूरजपुर, चित्रकांत चाली ठाकुर अपर कलेक्टर कोंडागांव को अपर कलेक्टर, रायगढ़, कमलेश नंदनी साहू सीईओ सूरजपुर को ओएसडी उद्योग संचालनालय रायपुर, यामिनी पांडे गुप्ता संयुक्त संचालक खेल एवं युवा कल्याण संचालनालय को उपायुक्त, रायपुर संभाग, रायपुर, निधि साहू अपर कलेक्टर रायपुर को उप सचिव, राजभवन रायपुर, घासीराम मरकाम सीईओ जिला पंचायम गरियाबंद को अपर कलेक्टर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, सुनील कुमार चंद्रवंशी उप सचिव राजस्व को सीईओ, जिला पंचायत, बालोद में पदस्थ किया गया है।





### इन संयुक्त कलेक्टरों को मिला नया प्रभार

प्रेमलता संयुक्त आयुक्त भू-अभिलेख को सीईओ जिला पंचायत बेमेतरा, अवधराम टंडन उपायुक्त संभागीय आयुकत दुर्ग को अपर कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा, मिथिलेश डोंडे अपर कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा को अपर कलेक्टर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, रविराज ठाकुर अपर कलेक्टर महासमुंद को प्रबंधक नया रायपुर विकास प्राधिकरण अटल नगर, अभिषेक गुप्ता अपर कलेक्टर नारायणपुर को बलरामपुर-रामानुजगंज, डॉ.आराधना राहुल कुमार, अपर कलेक्टर जांजगीर-चांपा को उपायुक्त बिलासपुर, मेनका प्रधान अपर कलेक्टर मुगेली को संयुक्त संचालक प्रशासन अकादमी रायपुर, विभोर अग्रवाल अपर कलेक्टर जशपुर, ममता यादव उप सचिव राजस्व मंडल बिलासपुर, चेतन बोरघरिया को अपर कलेक्टर बलरामपुर-रामानुजगंज, श्रीकांत वर्मा को उप सचिव खनिज विभाग मंत्रालय, मुकेश रावटे को सीईओ जिला पंचायत गौरेलजा-पेंड्रा-मरवाही, कैलाश प्रसाद वर्मा जीएम मार्कफेड, ओंकार यादव को संयुक्त कलेक्टर कोरबा, प्रकाशचंद कोरी को संयुकत कलेक्टर बालौदाबाजार-भाटापारा, रवि सिंह संयुकत कलेक्टर रायगढ़, किरोड़ीमल अग्रवाल संयुक्त कलेक्टर रायपुर, अभिषेक दीवान संयुक्त कलेक्टर बिलासपुर, पुष्पेंद्र कुमार वर्मा को संयुक्त कलेक्अर बिलासपुर, सागर सिंह को संयुक्त कलेक्टर कबीरधाम, लता उर्वशा को संयुक्त कलेक्टर राजनांदगांव, गीता शुक्ला दीवान को अवर सचिव मंत्रालय, हितेश्वरी बाघे को संयुक्त कलेक्टर गरियाबंद, वहीदुर्रहमान को संयुक्त कलेक्टर कोंडागांव, संदीप ठाकुर को संयुक्त कलेक्टर जांजगीर-चांपा, अमित कुमार गुप्ता को संयुक्त कलेक्टर कोरिया, पूनम शर्मा को उप महाप्रबंधक छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल रायपुर, सरस्वती बंजारे को संयुक्त कलेक्टर कांकेर पदस्थ किया गया है।

### इन डिप्टी कलेक्टरों के बदले गए प्रभार

विनय कुमार कश्यप को डिप्टी कलेक्टर सक्ती, गौतमचंद पाटिल को डिप्टी कलेक्टर राजनांदगांव, रेखा चंद्रा को डिप्टी कलेक्टर मुंगेली, रश्मि ठाकुर को डिप्टी कलेक्टर बस्तर, ओंकारेश्वर सिंह को डिप्टी कलेक्टर जशपुर, बजरंग सिंह वर्मा को डिप्टी कलेक्टर महासमुंद, निकिता मरकाम को डिप्टी कलेक्टर गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, मुकेश कुमार कोठारी को डिप्टी कलेक्टर रायपुर, अनिकेत साहू को डिप्टी कलेक्टर राजनांदगांव, मधुहर्ष को डिप्टी कलेक्टर बालोद, अमित कुमार श्रीवास्तव को सचिव तेलघानी बोर्ड रायपुर और अतिरिक्त प्रभार राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग रायपुर, हर्षलता वर्मा को डिप्टी कलेक्टर बेमेतरा, भ्झारत कौशिक को डिप्टी कलेक्टर रायगढ़, मनोज कुमार मरकाम को डिप्टी कलेक्टर धमतरी, रश्मि वर्मा को प्रबंधक नवा रायपुर विकास प्राधिकरण अटल नगर, राकेश साहू को डिप्टी कलेक्टर बिलासपुर, पार्वती पटेल को उप संचालक छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी, ऋचा चंद्राकर प्रबंधक स्मार्ट सिटी, विश्वास कुमार को डिप्टी कलेक्टर राजनांदगांव, आकांक्षा पांडेय डिप्टी कलेक्टर गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, प्रफुल्ल कुमार रजक को डिप्टी कलेक्टर सारंगढ़-बिलाईगढ़, शिल्पा देवांगन को डिप्टी कलेक्टर कबीरधाम, अंकित चौहान को डिप्टी कलेक्टर राजनांदगांव, अक्षा गुप्ता को डिप्टी कलेक्टर महासमुंद, रमेश कुमार मोर को डिप्टी कलेक्टर सूरजपुर, तेजपाल सिंह ध्रुव को डिप्टी कलेक्टर महासमुंद, मायानंद चंद्रा को डिप्टी कलेक्टर मुंगेली, प्रितेश सिंह राजपूत को डिप्टी कलेक्टर सक्ती, विक्रांत कुमार अंचल को डिप्टी कलेक्टर गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, अंशुल वर्मा डिप्टी कलेक्टर कोरिया, तुलसी चौहान को डिप्टी कलेक्टर रायपुर के पद पर पदस्थ किया गया है।

### 8 आईपीएस अफसरों के तबादले

इसके अलावा 8 आईपीएस अफसरों का भी तबादला किया गया है। जारी आदेश में ईशू अग्रवाल को रायपुर आजाद चौक का नया सीएसपी नियुक्त किया गया है। धर्मेंद्र सुमंत कुमार को राजनांदगांव से सरगुजा, मयंक मिश्रा को सरगुजा से रायगढ़, हर्षित मेहर को रायगढ़ से दुर्गर राहुल बंसल को दुर्ग से सरगुजा, वांसल जैन को पुलिस मुख्यालय से राजनांदगांव, अभिषेक चंद्रवेदती को रायपुर और गगन कुमार को बस्तर से बिलासपुर पदस्थ किया गया है।

## खबर संक्षेप



### कोमाखान सशिमं में मनाई गई नागपंचमी

**कोमाखान।** सरस्वती शिशु मंदिर कोमाखान में नागपंचमी का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय की प्रधानाचार्य उषा सिंह ठाकुर द्वारा भारत माता ओम सरस्वती माता ओर शिवलिंग के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मध्य में भैया-बहनों द्वारा गीत भजन प्रस्तुत किया गया। पश्चात भैया बहनों द्वारा शिवलिंग बना कर लाने की प्रतियोगिता रखी गई। जिसमें प्रथम कक्षा अष्टम के पुलकित उपाध्याय, द्वितीय कक्षा षष्ठ के अनुराग यादव और तृतीय कक्षा तृतीय के रोहन रहे। प्रधानाचार्य उषा द्वारा छात्रों को पुरस्कृत किया गया। संचालन लता ने किया गया। कार्यक्रम में सभी आचार्यों का सहयोग रहा।

### गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के राममंदिर में कवि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती सखी सहेली स्व सहायता समूह के महिलाओं ने मनाई। इसमें राधिका वैष्णव ने बताया कि हर साल सावन मास की सप्तमी तिथि को तुलसीदास जयंती मनाई जाती है। बताया गया कि गोस्वामी तुलसीदास ने राम चरितमानस सहित कई कालजयी ग्रंथों से हिंदी साहित्य से नई दिशा दी। इस दौरान प्राची चंद्राकर, गुंजा वैष्णव, दुर्गा चंद्राकर, दिनेश्वरी चंद्राकर, कलिंद्री चंद्राकर, अनुसईया चंद्राकर, कलिंद्री चंद्राकर मौजूद थे।

### नवकिरण अकादमी में नई बैच की क्लासेस आज से

**महासमुंद।** जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी रवि साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी में सीजीपीएससी-एसआई व्यापम - शिक्षक भर्ती, आरक्षक भर्ती, पटवारी भर्ती, आरआई, सहायक ग्रेड-3, डाटा एंट्री ऑपरेटर, एसएससी संयुक्त भर्ती परीक्षा, रेलवे ग्रुप-डी आदि प्रतियोगी परीक्षा को ध्यान में रखते हुए नई क्लासेस 1 अगस्त 2025 से कक्षाएं प्रारंभ हो रही है। अकादमी के समन्वयक डी. बसंत साव ने बताया है कि आगामी भर्ती परीक्षाओं को ध्यान में रखते एवं प्रतिभागियों की मांग पर नई बैच की क्लासेस 1 अगस्त 2025 से प्रातःकालीन सुबह 07 बजे से 10 बजे तक एवं सायःकालीन में शाम 04 से 07 बजे तक क्लास संचालित होगी।

**व्यवसाय:** जीवन के संघर्षों से जूझते हुए दोनों ने अपने लिए बनाई एक नई राह

# नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने सपने पूरे कर रहे हैं रत्ना-आकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान

■ दोनों ने घर-परिवार से थोड़ी-थोड़ी राशि जोड़कर छोटे से व्यवसाय की शुरुआत की

से निःशुल्क प्रशिक्षण कर रत्ना यादव और आकाश यादव स्वरोजगार से अपने सपने पूरे कर रहे हैं। रत्ना और आकाश ने अपनी मर्जी से विवाह किया है। शादी के बाद जब जीवन की असल चुनौतियों ने दस्तक दी, तो दोनों की राह आसान नहीं थी। जीवन के संघर्षों से जूझते हुए उन्होंने अपने लिए एक नई राह बनाई।

एक दिन अखबार में उन्होंने बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) महासमुंद द्वारा संचालित निःशुल्क फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी प्रशिक्षण की जानकारी पढ़ी। बिना देर किए उन्होंने संस्थान में जाकर पंजीयन करवाया और प्रशिक्षण लेना शुरू किया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से उन्होंने न केवल व्यावहारिक फास्ट फूड निर्माण जैसे दही पूरी, भेल पूरी, पाव भाजी, समोसा, कचौड़ी, मंचूरियन, पकौड़ा, फ्राइड राइस, बेबी कॉर्न, नूडल्स, मोमोज इत्यादि बनाना सीखा, बल्कि साथ में फूड पैकेजिंग, ग्राहक सेवा, स्टॉल नियम, साफ-सफाई, और विपणन (मार्केटिंग) की बारीकियाँ भी जानी। इसके अलावा आरसेटी द्वारा व्यक्तित्व विकास, समय प्रबंधन, आत्मविश्वास वृद्धि, बैंकिंग एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी से उन्हें अपने व्यवसाय के प्रति एक नई सोच मिली।

आकाश यादव बताते है कि घर की आर्थिक स्थिति कमजोर थी। उनके पिता का पहले ही निधन हो चुका था और माँ जिला अस्पताल में आया का कार्य कर किसी तरह परिवार को संभाल रही थीं। आकाश को पेट्रोल पंप में काम से सिर्फ 6000 प्रति माह की आमदनी होती थी और उनकी पत्नी रत्ना के पास भी कोई विशेष योग्यता नहीं थी, जिससे अच्छी नौकरी मिल सके। परिस्थितियां कठिन थीं, लेकिन रत्ना और आकाश ने हार मानने के बजाय स्वरोजगार का रास्ता अपनाने का फैसला किया। वे ऐसे काम की तलाश में थे जहां दोनों पति-पत्नी मिलकर कुछ कर सकें।




### 20 से 25 हजार रुपए की मासिक आमदनी

प्रशिक्षण पूरा करने के बाद दोनों ने घर-परिवार से थोड़ी-थोड़ी राशि जोड़कर अपने छोटे से व्यवसाय की शुरुआत की। उन्होंने अपने स्टॉल का नाम रखा चाय बैठक, जिसे नदी मोड़ महासमुंद में शुरूआत किया। मेहनत, लगन और सीखी हुई बातों को अपने व्यवसाय में उतारते हुए आज वे हर माह 20 हजार से 25 हजार रुपए तक की आमदनी अर्जित कर रहे हैं। आकाश और रत्ना ने बताया कि वे अब अपने व्यवसाय को और बड़ा करने का सपना देख रहे हैं। वे बैंक से सहयोग प्राप्त कर स्टॉल को एक रेस्टोरेंट या चाय कैफे के रूप में विस्तार देना चाहते हैं। आकाश और रत्ना दोनों ने अपने जीवन की दिशा बदलने का श्रेय बड़ौदा आरसेटी महासमुंद को देते हुए संस्थान का आभार व्यक्त किया और कहा कि अगर हमें यह प्रशिक्षण न मिला होता, तो शायद आज भी हम संघर्ष में उलझे रहते। आरसेटी ने हमारे आत्मविश्वास को एक नया पंख दिया है।

# कॉलेज में 14 तक प्राचार्य व कुलपति की अनुमति से रिक्त सीट पर देंगे प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय

■ महाविद्यालय में सत्र 2025-26 स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश प्रक्रिया जारी

रायपुर के अधिसूचना के अनुसार सत्र 2025-26 स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की तिथि कुलपति के अनुमति से 14 अगस्त तक वृद्धि की गई है। महाविद्यालय के प्राचार्य शेष रिक्त सीटों पर ऐसे छात्र जिन्होंने पूर्व में ऑनलाईन आवेदन नहीं किया उन्हें महाविद्यालय ऑफलाईन प्रवेश देंगे। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। प्रवेश प्रभारी डॉ. रीता पांडेय ने बताया कि महाविद्यालय में सत्र 2025-26 में उच्च शिक्षा विभाग के प्रवेश मार्गदर्शिका अनुसार प्रवेश प्रक्रिया जारी है। 31जुलाई तक महाविद्यालय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर कुल 2040 सीटों के विरुद्ध लगभग 1386 विद्यार्थियों ने प्रवेश ले लिया है। शेष रिक्त सीट 654 है। प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत में उल्लेखित नियमों के अनुसार आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए गुणानुक्रम के आधार महाविद्यालय में प्रवेश के लिए उपस्थित विद्यार्थियों के मध्य रिक्त सीटों के विरुद्ध प्रवेश प्रदान किया गया। स्थानांतरण प्रकरण को छोड़कर 31 जुलाई तक प्राचार्य स्वयं तथा 14 अगस्त तक कुलपति की अनुमति से शेष रिक्त सीटों में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी एवं शासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया की जाएगी। प्राचार्य करुणा दुबे ने बताया कि प्रवेश कार्य के साथ अध्यापन कार्य भी प्रारंभ हो गया है। अतः स्नातक एवं स्नातकोत्तर के सभी कक्षाओं के विद्यार्थी अध्यापन के लिए अधिक से अधिक कॉलेज में उपस्थित हो। नवप्रवेशित स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत जेनेरिक इलेक्टिव एवं वैल्यू एडिशन स्नातक तृतीय सेमेस्टर डिसिप्लिन स्पेसिफिक इलेक्टिव एवं जेनेरिक इलेक्टिव विषय महाविद्यालय में अध्यापन किए जाने वाले विषयों में से चयन शासन के निर्धारित तिथि अनुसार कराया जाना है।

# बेलसोंडा में किया गया पौधारोपण



**महासमुंद।** ग्राम पंचायत बेलसोंडा के श्रद्धेय विवेकानंद सेवा संस्थान द्वारा युवा नेता तथा जनसेवक पोखन लाल चंद्राकर के जन्मदिवस को खास बनाते हुए उनकी बेटी ईशिका चंद्राकर के जन्मदिवस 27 जुलाई 2025 से 30 जुलाई 2025 (पोखन के जन्मदिवस) तक पौधरोपण किया गया।

विदित है कि विवेकानंद सेवा संस्थान द्वारा पूर्व सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर के नेतृत्व में गांव में कई पेड़ लगाए जा चुके है। साथ ही उनका संरक्षण और संवर्धन भी किया जाता रहा है, जिसका परिणाम भी देखने को मिल रहा है। इसलिए सरपंच भामिनी पोखन के कार्यकाल को गांव में हरित कार्यकाल के नाम से भी जाना जाता है। पेड़ लगाने में पोखन लाल चंद्राकर के साथ संस्थान के अध्यक्ष शत्रुघ्न राम साहू तथा कोषाध्यक्ष उदेराम साहू एवं यशवंत परमार, निरंजन परमार तथा तेजेश्वर चंद्राकर उपस्थित रहे।

# रामायण समिति ने मनाई कवि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

हिंदू धर्म ग्रंथ श्रीराम चरित मानस के रचयिता संत एवं महाकवि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती रामायण मंडली समिति द्वारा मानस भवन में मनाई गई। भगवान श्रीरामचंद्र व गोस्वामी तुलसीदास के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।

इस अवसर पर समिति के भूपेंद्र राठौड ने संत तुलसीदास के जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास न केवल अद्वितीय कवि थे, बल्कि राम भक्ति के माध्यम से समाज को दिशा देने वाले महान संत और विचारक थे। उनके राम चरित मानस ने जीतना उपकार सनातन संस्कृति पर किया है उतना अन्य ग्रंथों ने नहीं किया है, उनका संपूर्ण जीवन दर्शन विशिष्टताओं से पूर्ण है। उनके द्वारा रचित विनय पत्रिका भक्ति भाव दर्शाता है। चंद्रशेखर साहू ने कहा कि राम चरित मानस सनातन संस्कृति का अमूल्य धरोहर है। इसमें ज्ञान, भक्ति, कर्म व सदाचार का अदभूत समन्वय है। मानस का प्रयोजक लोक मंगल है। इसमें धर्म क्या है अधर्म क्या है इसकी व्याख्या की गई है। रामचरित मानस आज भी प्रासंगिक है। उसे जीवन में उतारने की आवश्यकता है। तभी हमारा जीवन सार्थक होगा। संत तुलसीदास की सबसे बड़ी श्रद्धांजलि यह होगी कि हम प्रतिदिन रामायण पढ़े। उपस्थित सदस्यों द्वारा हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ किया। तत्पश्चात पूजन आरती कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में भूपेंद्र राठौड, बलराम वैष्णव, चंद्रशेखर साहू, तिलक साव, जितेंद्र सतपथी, अग्रज शर्मा, लखन लाल चंद्राकर, रमेश चंद्र राय व अन्य मानस प्रेमी उपस्थित थे। उक्त जानकारी रामायण मंडली समिति के चंद्रशेखर साहू ने दी है।





### गायत्री चेतना केंद्र सिरपुर में साधना अनुष्ठान

महासमुंद। क्षेत्र के तीर्थ स्थल सिरपुर में गायत्री परिवार द्वारा चल रहे 40 दिवसीय अखंड गायत्री साधना में भाग लेने ग्राम बेमचा एवं शक्ति पीठ महासमुंद से गायत्री परिजन सिरपुर पहुंचे। जनजागरण उद्देश्य एवं वन्दनीया माता के जन्म शताब्दी समारोह अखंड ज्योति के जन्म शताब्दी सामारोह की सफलता के लिए यह अनुष्ठान जारी है जो 18 अगस्त तक चलेगा। इसमें जिलेभर के गायत्री साधक एवं अन्य श्रद्धालु लोग भी भाग लेने पहुंच रहे है। अनुष्ठान में बेमचा से भगत गुरूजी, रविकांत चंद्राकर, राम ठहल निषाद, छन्नूलाल साहू, राधा, नैना, अमृत साहू, चित्ररेखा साहू, सावित्री, श्यामकुँवर तथा शक्ति पीठ महासमुंद से बोधराम साहू, रिखीराम साहू, जगमोहन साहू, शांतु लाल साहू, रामकुमार साहू, पिरित राम एवं शान्ति कुंज प्रतिनिधि अदलखा ने भी भाग लिए। साधना के बाद गंधेश्वर महादेव में दर्शन एवं रुद्राष्टक पाठ भी किया। यह जानकारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

# छात्रों ने किया अब्दुल कलाम प्लेनेटोरियम और कानन पेंडारी का शैक्षिक भ्रमण, अंतरिक्ष की रोमांचक यात्रा का किया अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पीएमश्री सेजेस तुमगांव के कक्षा 9 से 12वीं के छात्रों ने शैक्षिक भ्रमण के तहत बिलासपुर के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्लेनेटोरियम और कानन पेंडारी का दौरा किया। इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को विज्ञान और प्रकृति के प्रति जागरूक करना तथा किताबी ज्ञान को व्यवहारिक अनुभव से जोड़ना था। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्लेनेटोरियम में छात्रों ने अंतरिक्ष की रोमांचक यात्रा का अनुभव किया।

वहां आयोजित लेजर प्रोजेक्शन शो के माध्यम से उन्हें तारों, ग्रहों और ब्रह्मांड के रहस्यों की जानकारी मिली। यह अनुभव छात्रों के लिए बेहद प्रेरणादायक रहा, जिसने उन्हें विज्ञान के प्रति और अधिक उत्साहित किया। इसके बाद, छात्रों ने कानन पेंडारी जूलॉजिकल पार्क का दौरा किया, जहां उन्होंने विभिन्न प्रकार के वन्यजीवों और जैव-विविधता के बारे में जाना। इस दौरे ने पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के महत्व को समझने में उनकी मदद की। शिक्षकों ने छात्रों को प्रकृति और विज्ञान के बीच सामंजस्य के महत्व को समझाया, जिससे उनका दृष्टिकोण और व्यापक हुआ। प्राचार्य एल कुरिल ने कहा, यह शैक्षिक भ्रमण छात्रों के लिए एक अनूठा अवसर था, जहां वे किताबों से बाहर निकलकर वास्तविक दुनिया में ज्ञान अर्जन कर सके। हमारा उद्देश्य छात्रों को विज्ञान और पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना है, ताकि वे भविष्य में समाज के लिए सकारात्मक योगदान दे सकें। छात्रों ने इस भ्रमण को बेहद रोचक और ज्ञानवर्धक बताया। एक छात्र ने उत्साह से कहा, प्लेनेटोरियम में अंतरिक्ष की सैर करना ऐसा था जैसे हम सितारों के बीच हों। कानन पेंडारी में जानवरों को करीब से देखना भी बहुत मजेदार रहा। शिक्षक पवन कुमार डड़सेना ने बताया कि इस तरह के भ्रमण छात्रों में जिज्ञासा जगाते हैं और उन्हें अपने पाठ्यक्रम को व्यवहारिक रूप से समझने में मदद करते हैं। इस भ्रमण का नेतृत्व स्कूल के प्राचार्य एल कुरिल ने किया, जिसमें शिक्षक आईएल साहू, केआर साहू, अश्विनी धीवर, तिलक शर्मा, पवन कुमार डड़सेना, हेमलता साहू, सविता ध्रुव, सिद्धांत गायगौरे, सुरेश यादव, सत्यम पांडे, सागर झा, नवीन के. दास, लक्ष्मी नारायण साहू, डोलेश होता, लोकेश साहू, भारती भार्गव, लिली मजखंड और प्रगति साहू शामिल थे। यह भ्रमण न केवल छात्रों के लिए एक यादगार अनुभव रहा, बल्कि इसने उन्हें विज्ञान और पर्यावरण के प्रति नया दृष्टिकोण भी प्रदान किया।

### तुलसीदास की जयंती पर मानस गान का आयोजन

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड में महाकवि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पर रामचरित्र मानस गान का आयोजन किया गया। बजरंग बली मंदिर के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जय महावीर मानस परिवार अरंड द्वारा सर्वप्रथम गोस्वामी तुलसीदास के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई। उसके पश्चात उनके जीवन चरित्र एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। शिक्षक कौतुक पटेल ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास का जीवन विषमताओं से भरा हुआ था। कठिनाइयों से संघर्ष करते हुए महान संत हुए। उनके काव्यों ने हिंदी साहित्य को समृद्ध किया है। उनकी महान कृति रामचरित्र मानस पूरे विश्व में हिंदुओं द्वारा पूजी जाती है। राम चरित्र मानस जीवन जीने की कला सिखाती है। प्रवचनकार शिवचरण ने भी तुलसीदास के जीवन पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात शिवचरण मानस मंडली द्वारा रामचरित्र मानस गान किया गया। इस अवसर पर गंगाधर निर्मलकर, शिवचरण ध्रुव, कौतुक पटेल, भारत दीवान, हुसन निर्मलकर, मन्नू लाल ध्रुव, कन्हैया ध्रुव, पार्श्वनाथ ध्रुव, बसंत पटेल, भोज ध्रुव, कुशराम ध्रुव, जीवन साहू, शंकर भोई, पिहुल ध्रुव, अक्षय ध्रुव, रूपेंद्र निर्मलकर सहित श्रोतागण उपस्थित थे।

# हस्तनिर्मित 1766 रक्षासूत्र सैनिकों के लिए भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ एक राखी सैनिक भाई के नाम अभिन के तहत बनाई गई

एक राखी सैनिक भाई के नाम अभियान चलाकर सभी जिला विकासखंडों के स्काउट गाइड द्वारा हस्तनिर्मित रक्षासूत्र देश के सीमा में तैनात सैनिकों के लिए भेजा गया। राज्य मुख्यालय रायपुर द्वारा महासमुंद जिले को 1000 राखियां भेजे जाने का लक्ष्य दिया गया था, जिसे पार करते हुए जिले के स्काउट गाइड द्वारा 1766 राखियां बनाया गया। नवकिरण अकादमी में आयोजित एक कार्यक्रम में जिला संघ महासमुंद के पदाधिकारियों जिलाध्यक्ष येतराम साहू, जिला उपाध्यक्ष जय पवार, आनंद साहू, एस चंद्रसेन, राज्य मुख्यालय आयुक्त राहुल चंद्राकर, शिक्षा स्थायी समिति के सभापति भीखम सिंह ठाकुर, दुबे लाल साहू द्वारा यह यह राखियां जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त स्काउट विजय कुमार लहरे एवं जिला आयुक्त गाइड अमी रूफस को सौंपा गया। इस अवसर पर जिला सहायक संचालक एनके सिन्हा, डीएमसी रेखराज शर्मा, क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, जिला सचिव प्रमोद कुमार कन्नौजे, डीओसी स्काउट अवधेश विश्वकर्मा, डीओसी गाइड लीनू चंद्राकर, जिला मीडिया प्रभारी तुलेंद्र सागर, विखं सचिव लता वैष्णव, हीरेंद्र साहू, डी.बसंत साव, डिगेश्वर ठाकुर आदि मौजूद रहे।




# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर डाइट में हुई कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू हुए 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में डाइट प्राचार्य डॉ विजय खंडेलवाल के मार्गदर्शन में सहायक प्राध्यापक अरुण प्रधान, के सिंह के दिशा निर्देश पर डाइट में एनईपी 2020 आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विचार गोष्ठी एवं पोस्टर प्रतियोगिता भी सम्मिलित थे।

मां सरस्वती के पूजन के साथ कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात छात्राध्यापिका रूपाली साहू, मीना साहू एवं प्रीति सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम प्रभारी दुर्गा सिन्हा एवं तिलोत्तमा प्रधान ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुशंसाओं पर अपना प्रस्तुतिकरण दिया। उमा देवी शर्मा ने अपने व्याख्यान में शिक्षकों की बदलती हुई भूमिका पर चर्चा की। तिलोत्तमा प्रधान ने 21वीं सदी के कौशलों पर विस्तार से चर्चा की। अगले चरण में डाइट फैकल्टी द्वारा छात्र अध्यापकों द्वारा बनाए गए पोस्टर का अवलोकन किया गया। माधुरी मंडावी, जागेश्वरी यादव, भारती कलसा, रूपाली साहू एवं घनश्याम साहू द्वारा नवीन शैक्षिक परिदृश्य पर आधारित सुंदर कलात्मक पोस्टर प्रस्तुत किया गया। अरुण प्रधान सहायक प्राध्यापक ने अपने उद्बोधन में कहा कि निकट भविष्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की अनुशंसाएं पूरी तरह से लागू होंगी, जिससे निश्चित ही हमारा शैक्षणिक वातावरण और भी बेहतर होगा। राजेश चंद्राकर, सुमन दीवान, किरण कन्नौजे ने कहा कि बच्चों को गतिविधि आधारित एवं अनुभवात्मक शिक्षण ही प्रभावी शिक्षण विधि है। कार्यक्रम का संचालन मीना साहू एवं खिलेश्वरी लहरे ने किया। कार्यक्रम समन्वयक दुर्गा सिन्हा ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में संतोष साहू, टेकराम सेन, लक्ष्मी सिन्हा, झरना साहू, ईश्वर चंद्राकर एवं समस्त कार्यालय स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# प्रदेश में धर्मांतरण को संरक्षण देना बंद करे कांग्रेस : चोपड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डा. विमल चोपड़ा ने बस्तर अबूझमाड़ की बेटियों को क्रिश्चन मिश्नरी के ननों द्वारा बिना प्रशासन की जानकारी के आगरा ले जाए जाने पर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने का पुरजोर समर्थन करते हुए कांग्रेस द्वारा मचाई जा रही हाय तौबा की निंदा करते हुए इसे कांग्रेस के इटली परस्त शीर्ष नेतृत्व के इशारे पर उठाए जाने वाला कदम बताया है।

छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण के बढ़ने से आए दिन तनाव की स्थिति बनती जा रही है। इस प्रकार का आरोप कांग्रेस लगाती रही है कि भाजपा इसके लिए जिम्मेदार है और अब जब अबूझमाड़ जैसे क्षेत्र की बेटियों को मानव तस्करी कर ले जाया जा रहा है तो सरकार की कार्यवाही की प्रशंसा के बजाए केरल से आयी ननों का पक्ष लेकर कांग्रेस ने देश में धर्मांतरण को बढ़ावा देकर अपना वोट बैंक बढ़ाने के नीति पर कार्य किया है। आज छत्तीसगढ़ के गांव से निकलकर प्रार्थना सभा के नाम पर धर्मातंरण कराने का जाल शहरों की बस्तियों और पास इलाकों में भी फैल गया है।

जहां धर्म को समझा कर धर्मांतरण करने वालों की संख्या शून्य है। वहीं उनकी गरीबी और अंधविश्वास को माध्यम बना कर धर्मातरण कराया जा रहा है। उनके मन में हिंदू देवी देवताओं प्रति घृणा भरी जा रही है। जिसको कोई छत्तीसगढ़िया सहन नहीं करेगा। डा. चोपड़ा ने आरोप लगाया है कि



कांग्रेस का नेतृत्व जो चर्च परस्त है इटली के वेटिकन सिटी के इशारे पर चलता है। छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नताओं को इस घटना की जानकारी तब हुई जब संसद में राहुल गांधी और वेणुगोपाल ने विरोध प्रदर्शन किया, तब हड़बड़ा कर छत्तीसगढ़ के कांग्रेस के नेता अपने चर्च परस्त आकाओं को खुश करने के लिए ननो को संरक्षण देने के लिए दौड़ पड़े। डा. चोपड़ा ने कांग्रेस के नेताओं पर आरोप लगया है कि घुसपैठ, धर्मांतरण, आतंकवाद जैसी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को समर्थन देकर कांग्रेस अपना वोट बैंक को मजबूत करने का प्रयास किया। परंतु, जनता ने देश से कांग्रेस को मिटाने का ही संकल्प ले लिया है। यूपी में चांगुर बाबा के धर्मातंरण कुचक्र और देश विरोधी गतिविधियों पर कांग्रेस व विरोधियों का मौन ही बताता है कि कांग्रेस का संरक्षण इनको है। बस्तर को अपने शासन के पांच सालों में कांग्रेस ने इसाई मिश्नरियों का गढ़ बना दिया। कभी बस्तर से मानव तस्करी का आरोप लगाने वाले कांग्रेस के नेता आज बस्तर के आदिवासी बालाओं की तस्करी पर बस्तर की बजाए ईसाई मिश्नरियों के साथ खड़े है। यही कांग्रेस का दोगलापन उसकी विश्वनीयता को समाप्त कर रहा है। कभी बस्तर के नक्सलियों को बढ़ावा देने वाले कांग्रेसी आज मिश्नरियों के धर्मांतरण को बढ़ावा देकर सनातन धर्म पर राहुल गांधी के उकसावे पर प्रहार कर रहे हैं, सिर्फ राहुल गांधी की चाटुकारिता के लिए।

**धर्मांतरण की गतिविधियों पर जताई चिंता:** डा. चोपड़ा ने झलप क्षेत्र में चल रही धर्मांतरण की गतिविधियों पर चिंता व्यक्त की है। झलप में पहले दो चर्च थे, वहां कांग्रेस शासन में निर्माण प्रारंभ हुए तीसरे भव्य चर्च को भी अब प्रारंभ कर दिया गया है। यहां प्रार्थना सभा के नाम पर प्रति रविवार बड़ी संख्या में ग्रामीणों को बरगलाया जा रहा है। जिसके कारण क्षेत्र में तनाव पैदा हो सकता है। प्रशासन को पत्र लिखकर इस पर रोक एवं भूमि एवं निर्माण के फंड की जांच की मांग की जाएगी।

# आओ सखी सावन कार्यक्रम: हरी-पीली और गुलाबी परिधान में नजर आईं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सावन माह में आओ सखी कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय टाउन हाल में किया गया। आयोजन के दौरान महिलाएं हरी-पीली व गुलाबी परिधान में नजर आईं। मुख्य अतिथि महिला आयोग सदस्य सरला कोसरिया, अध्यक्षता सीता मनोजकांत साहू, विशेष अतिथि में विभिन्न समाज की अध्यक्षगण, महिला बैंक सदस्यगण, अपराजिता क्लब एवं जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, डॉ. रश्मि चंद्राकर, सती साहू, शुभ्रा शर्मा मौजूद रही।

सर्वप्रथम आयोजकगण-साधना ठाकुर नैनी, निरंजना चंद्राकर, तारा चंद्राकर, ऐश्वर्या तिवारी, ममता जायसवाल, कुमुद दुबे, चंद्रकला, शकुन, निर्मला चंद्राकर ने स्वागत नृत्य छत्तरी के साथ किया तथा स्वागत कड़ी में सभी अतिथियों का मोती की माला पहना कर मंचासीन किया।



अभिवादन एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ हुआ। साहू समाज, महंती समाज, चंद्राकर समाज, देवांगन समाज, महाराष्ट्रीयन तेली समाज, मौहारी भाठा रामायण मंडली, नामदेव समाज, ब्राम्हण समाज से एकल नृत्य व ग्रुप नृत्य प्रस्तुत किए। द्रोपती, रमा चंद्राकर द्वारा शिव-भजन से समापन हुआ। महिला आयोग सदस्य सरला कोसरिया ने कहा- आओ सखी सावन में कार्यक्रम में सभी महिलाएं देवी के सभी रूप में नजर आ रही हैं, इस उमंग, उल्लास, उत्साह कार्यक्रम देखकर, आज मैं भी पूरा समय इसी कार्यक्रम को दी हूँ। प्रतियोगिता में एकल नृत्य में प्रथम रूपम शर्मा, द्वितीय अन्नया महंती, ग्रुप नृत्य में प्रथम महंती समाज, द्वितीय चंद्राकर, गाड़ी स्टेशन में रूकी गेम प्रथम, प्रतिभा गिरी, द्वितीय संध्या। कार्यक्रम में सती मनोज साहू पराजिता क्लब, अरुणा शुक्ला, डॉ. ज्योति चोपड़ा, लता चंद्राकर का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन साधना ठाकुर नैनी, आभार तारा चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम में संध्या शर्मा, हेमलता साव, इंद्रा महंती, निरंजना शर्मा, शशि चंद्राकर, अन्नू चंद्राकर, मीना गुप्ता, कुसमा चंद्राकर, संजना नामदेव, सविता चंद्राकर, मेघा नासरे, बसुंधरा पोपट आदि मौजूद रहीं।



## खबर संक्षेप



### महादेवाधाम में किया गया पौधारोपण

**पचेड़ा।** एकल अभियान अंचल महासमुंद, संच कोमाखान व बागबाहरा की मासिक बैठक हुई। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक के पश्चात महादेवा धाम में पौधरोपण किया गया। जिसमें सालिक राम साहू ( अभियान प्रमुख अंचल महासमुंद), मदन लाल साहू संच प्रमुख कोमाखान, राधेश्याम दीवान संच प्रमुख भुरकोनी, दयालाल मरई संच प्रमुख कोमाखान तथा सभी आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित रहे।
समाचार, पीआरओ

### जिला सलाहकार समिति की बैठक 5 को

**महासमुंद।** गर्भधारण पूर्व और प्रसूति पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी एक्ट) लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम 1994 की धारा (17) अंतर्गत गठित जिला सलाहकार समिति की बैठक 05 अगस्त 2025 को शाम 04 बजे कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी महासमुंद में आयोजित की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई. नागेश्वर राव ने समिति के सदस्यों को निर्धारित समय पर उपस्थित होने आग्रह किया है।

### युवाओं के लिए मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण

**महासमुंद।** बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा जिले के युवक एवं युवतियों के लिए मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है। निदेशक बड़ौदा आरसेटी ने बताया कि यह दस दिवसीय प्रशिक्षण में निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए इच्छुक हितग्राही 01 अगस्त तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण के लिए आवश्यक दस्तावेज में आधार कार्ड, बीपीएल राशन कार्ड की दो-दो छायाप्रति, अंकसूची (न्यूनतम 8वीं उत्तीर्ण) की एक छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज 5 फोटो शामिल है। पंजीयन के लिए बड़ौदा आरसेटी पॉलीटेक्निक कॉलेज के पास बरोंडाबाजार में स्वयं उपस्थित संपर्क कर सकते हैं।

### खट्टी में 16 को मनाई जाएगी जन्माष्टमी

**महासमुंद।** ग्राम खट्टी में स्थित सत्यनारायण मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 16 अगस्त शनिवार को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। संध्या में रामायण जय गणेश मानस मंडली खट्टी कचरू पटेल, डोगन निषाद एवं मानसरोवर मानस परिवार खट्टी गोवर्धन यादव भोज राम का कार्यकम होगा। रात्रि 12 बजे प्रसाद का वितरण किया जाएगा। यह जानकारी मंदिर के पुजारी पं. सुभाष शर्मा, पं. ओंकार प्रसाद शर्मा, पं. करण तिवारी, अर्जुन तिवारी, मोती लाल तिवारी, खुशबू उपाध्याय एवं खुशी उपाध्याय ने दी है।

### गंधेश्वर नाथ का सहस्त्रधारा अभिषेक आज

**महासमुंद।** सिरपुर स्थित गंधेश्वर महादेव का 1 अगस्त को सुबह 11 बजे से सहस्त्रधारा अभिषेक किया जाएगा। मंदिर, ट्रस्ट समिति, बोलबम सेवा समिति तथा सिरपुर सहित आसपास के ग्रामीणों के तत्वावधान में आयोजित महाभिषेक में नदी से मंदिर तक मानव श्रृंखला बनाकर जल लाया जाएगा। इसके अलावा ढाई सौ लीटर दूध, दही, शहद, गंगाजल से गंधेश्वर नाथ का अभिषेक 1008 छिद्र वाले पात्र से किया जाएगा। जिसमें मंदिर के वरिष्ठ पुजारियों की टोली द्वारा विधि विधान से पूजा संपन्न कराया जाएगा।

## जागरूक : एक राखी सैनिक भाई के नाम अभियान

# विखं स्काउट-गाइड संघ बसना ने बनाकर भेजी 480 राखियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में एक राखी सैनिक भाई के नाम अभियान के तहत विकासखंड स्काउट्स एवं गाइड्स संघ बसना के विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद शुक्ला, बीआरसीसी बद्रीविशाल जोल्हे, अध्यक्ष शीत गुप्ता एवं उपाध्यक्ष गण राजेश वाधवा, मोहित पटेल, कामेश बंजारा, मंजीत कौर, डॉ. अरुणा अग्रवाल, लोचना गिरीश गजेंद्र एवं विकासखंड सचिव डॉ. विवेकानंद दास, गिरीश पाढ़ी, डॉ. पूर्णानंद मिश्रा के दिशानिर्देश तथा विकासखंड के समस्त प्राचार्य गण एवं स्काउटर- गाइडर के पूर्ण सहयोग से विकासखंड स्काउट गाइड संघ बसना ने अपने-अपने विद्यालय के स्काउट्स एवं गाइड्स के द्वारा अपने हाथों से कुल 480 राखियां जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त (स्काउट) विजय कुमार लहरे, जिला संगठन आयुक्त (स्का.) अवधेश विश्वकर्मा, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) लीनू चंद्राकर तथा जिला सचिव प्रमोद कन्नौजे को विकासखंड स्काउटर वारिश कुमार द्वारा जिला स्काउट्स एवं गाइड्स प्रशिक्षण केंद्र महासमुंद में सौंपा गया।



इस महत्वपूर्ण एवं गौरवपूर्ण कार्य को संपन्न करने के लिए विशेषकर प्राचार्यगण एनके पंडा, प्रेमानंद भोई, चक्रधर पटेल, बिजय दास, प्रदीप कुमार चौधरी, चक्रधर चौधरी, टिकेश्वर पटेल, स्काउटर कृष्ण कुमार नायक, रेखराम पटेल, टेकलाल पटेल, दिनेश बंधु, रोहित शर्मा, सुशांत प्रधान, अरुण कुमार तांडी एवं गाइडर कुसुम कोटक, ईश्वरी पोर्रे, रमाकांति दास, अन्नपूर्णा बुडेक, आशा गुप्ता, अहिल्या नायक, कविता पटेल, वागेश्वरी धृतलहरे, राधा देवांगन, उमावती अग्रवाल, प्रियंका देवता, श्वेता वैष्णव, मिली का योगदान रहा।

# बहुदिव्यांग विशेष अवासीय विद्यालय का निरीक्षण, सुविधाओं की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- खानपान, मनोरंजन तथा स्वास्थ्य सहित दी जा रही सुविधाओं का लिया जायजा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव आफरीन बानो ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित बहुदिव्यांग विशेष विद्यालय तथा आशा मनोविकास केंद्र का निरीक्षण किया। प्रबंध कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के अधिकार मित्र हरिचंद साहू ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आफरीन बानो ने बागबाहरा रोड संजय कानन के पास शासकीय बहुदिव्यांग विशेष अवासीय विद्यालय तथा नयापारा स्थित शांति मैत्री विकास संस्थान द्वारा संचालित आशा मनोविकास केंद्र (घरौदा) पहुंचकर उपस्थित दिव्यांग बच्चों के हालचाल जाना तथा शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही दिव्यांग बच्चों को दी जा रही मूलभुत सुविधाओं से भी अवगत हुए। यहां भोजन गुणवत्ता, पानी, बिजली, स्वच्छता अथवा मनोरंजन के साथ-साथ स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में भी विस्तापूर्वक जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने शांति मैत्री विकास संस्थान द्वारा संचालित आशा मनोविकास केंद्र (घरौदा) में उपस्थित दिव्यांगजनों से मुलाकात कर क्रीड़ा, मनोरंजन के साधन तथा सुविधाओं का भी जायजा लिया। दिव्यांग बच्चों का रहन-सहन, साफ-सफाई, भोजन एवं स्वस्थ्य तथा चिकित्सा सुविधाओं से संबंधी चर्चा की।



निरीक्षण के दौरान सचिव आफरीन बानो द्वारा विशेष रूप से शासकीय बहुदिव्यांग अवासीय विद्यालय तथा घरौंदा में कार्यरत कर्मचारियों को दिव्यांग बच्चों को उचित संरक्षण व भावुकतापूर्ण देखभाल करने के निर्देश दिए।

# कृतज्ञ का प्रयास आवासीय विद्यालय रायगढ़ में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उमावि बागबाहरा के छात्र कृतज्ञ साहू (पुत्र कृष्णा साहू) ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बलबूते पर प्रयास आवासीय विद्यालय रायगढ़ में स्थान प्राप्त कर विद्यालय, परिवार और पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।



प्रयास आवासीय विद्यालय, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित एक प्रतिष्ठित संस्थान है। जहां राज्य के ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रतिभाशाली बच्चों को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आवास व अन्य सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। कृतज्ञ का चयन इस क्षेत्र की शैक्षिक जागरूकता और छात्र क्षमता का प्रमाण है।

इस सफलता पर विद्यालय संचालन समिति के सभी सदस्यगण, प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर एवं सभी आचार्य /दीदी ने अत्यंत हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगी, यह विद्यालय और कृतज्ञ की मेहनत का फल है। गौरतलब है कि पूर्व वर्षों में भी इस विद्यालय के कई क्षेत्रों का प्रयास विद्यालय में होता रहा है।

## जिला स्तरीय संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्रीय नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिले में जिला स्तरीय संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन 1 अगस्त 2025 को जिला पंचायत महासमुंद के सभा कक्ष में किया जाएगा। जिला पंचायत परिसर में महिला समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों और सामग्रियों को प्रदर्शित किया जाएगा। समारोह में सांसद, विधायकगण, जिला एवं जनपद के जनप्रतिनिधियों सहित शासन प्रशासन के अधिकारी भी सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा। इस अवसर पर जिले की सक्रिय महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा उत्पादों की प्रदर्शनी एवं विक्रय के लिए आकांक्षा हाट का आयोजन भी किया जा रहा है, जो एक सप्ताह तक चलेगा। इस हाट में स्थानीय उत्पाद, हस्तशिल्प, फूड प्रोडक्ट, सजावटी वस्तुएं और विभिन्न पारंपरिक सामग्रियां बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगी। आकांक्षा हाट के माध्यम से 29 स्टाल लगेंगे, जो एक सप्ताह तक चलेगा। इससे स्थानीय महिला समूहों को आर्थिक प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि आमजन को जिले की सांस्कृतिक और आर्थिक गतिविधियों से जुड़ने का अवसर भी प्राप्त होगा।

# विषयों का सही चयन ही भविष्य की दिशा निर्धारित करती है: अनुसुइया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के एकमात्र अंग्रेजी माध्यम कॉलेज स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ के समस्त महाविद्यालय में लागू एनईपी 2020 एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सुझाव गए दिशा निर्देशों के तहत नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। पुष्प व तिलक वंदन के साथ सभी छात्र-छात्राओं ने अपने कक्ष में प्रवेश किया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था प्रमुख, प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुई। जिसमें उन्होंने छात्रों को शिक्षा के महत्व अनुशासन एवं आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा दी और विषय के चयन में गंभीर होने की बात कही। क्योंकि, विषय का सही चुनाव ही भविष्य की दिशा निर्धारित करती है। तत्पश्चात महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों के द्वारा अपने-अपने विषय पर संक्षिप्त जानकारी दी गई। ताकि, छात्र-छात्राओं को मुख्य विषयों के अतिरिक्त एनईपी गाइडलाइन के अनुसार जनरल इलेक्टिव और वैल्यू एडेड कोर्सेज के चयन में आसानी हो।



कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्राध्यापक प्रतिमा चंद्राकर ने किया। इस दौरान रवि देवांगन सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र, तरुण कुमार बांधे सहायक प्राध्यापक वाणिज्य एवं अतिथि व्याख्याता डॉ. ग्लैडिस एस मैथ्यू समाजशास्त्र, हरिशंकर नाथ राजनीति विज्ञान, मुकेश सिन्हा कंप्यूटर एप्लीकेशन, माधुरी दीवान वाणिज्य, आलोक हिरवानी कंप्यूटर साइंस, चित्रेश बरेठ रसायन शास्त्र, संजय कुमार अंग्रेजी, खुशबू सिन्हा ग्रंथपाल, जगतारण बघेल लैब टेक्नीशियन, शेषनारायण साहू लैब टेक्नीशियन, नानक साहू कंप्यूटर ऑपरेटर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# सड़क पर घूमते पशुओं को लेकर पालिका सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका ने सड़कों पर घूमते आवारा पशुओं की समस्याओं से निपटने के लिए सख्त कदम उठाते हुए बुधवार को नगर पालिका के सभी वार्डों में मुनादी कर पशु मालिकों को चेतावनी दी है कि वे अपने गाय, बैल एंव अन्य जानवरों खुले में ना छोड़े। यदि पशुओं को नहीं बांधा गया तो उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। और खुले में छोड़े गये पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजा जाएगा। साथ ही जिन पशुओं की पहचान की जाएगी उनके मालिकों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। और उन्हें नोटिस भी भेजा जाएगा।




इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे ने बताया कि गौवंश संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। पशु खुले मिले तो कठोर कदम उठाए जाएंगे। मुनादी के माध्यम से चेतावनी पहले दी जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने बताया है कि बार–बार समझाइश के बाद भी कुछ ग्रामीण एवं शहरी पशुपालक जान बूझकर अपने पशुओं को छोड़ देते हैं। जिससे ये पशु नगर के मुख्य मार्ग, बाजार, आदि में घूमते नजर आते हैं। जिसके कारण दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। मुनादी के माध्यम से पशु पालको को चेतावनी दी जा रही है। देखा गया है खुले में घुमने वाले अधिकतर पशुओं पर टेग लगा होता है। ऐसे पशुओं को चिन्हित कर पशुपालन विभाग द्वारा वेरिफिकेशन पश्चात कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

**हरिभूमि** माह जुलाई 2025 का मासिक बिल

| दिन | दर | राशि |
| --- | --- | --- |
| 31 दिन | 5.00 | 155.00 |
| | कुल | 155.00 |

हरिभूमि के सुधि पाठक जुलाई 2025 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।
व्यवस्थापक







# ब्राह्मण समाज की बैठक में युवाओं को गलत आदतों से दूर रहने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

छत्तीसगढ़ उत्कल ब्राह्मण समाज के प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक छत्तीसगढ़ उत्कल ब्राह्मण समाज अध्यक्ष एवं उत्तर विधानसभा क्षेत्र रायपुर के विधायक पुरंदर मिश्रा की अध्यक्षता एवं प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्राही की विशेष उपस्थिति में हुई। विधायक मिश्रा के आगमन पर विप्रजनों ने स्वागत किया। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से पदाधिकारीगण एवं सैकड़ों की संख्या में उत्कल बंधु उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा जगन्नाथ भगवान एवं भगवान परशुराम की पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रदेश अध्यक्ष मिश्रा ने कहा कि समाज में पुरातन काल से चल रहे सांस्कृतिक एवं पारिवारिक पृष्ठभूमि पर गहन चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने अपने सांस्कृतिक विरासत को सहेजने तथा उसने वाले नई पीढ़ी को उन्हें हस्तांतरित करने के लिए कार्ययोजना बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज में चल रहे कुछ असमानताओं अथवा रिवाजों परंपराओं, जिससे समाज का अहित हो रहा हो, उसमें सर्वमान्य हितकारी परिवर्तन की आवश्यकता भी है। मिश्रा ने इसके लिए मंच से प्रदेश स्तरीय 11 सदस्यीय विधान मंडल के गठन की घोषणा की, जो समाज के विभिन्न रीति-नीति का पुनर्निर्धारण का काम करेंगे। साथ ही उन्होंने दीपावली के पश्चात रायपुर में समाज के एक विराट सम्मेलन के आयोजन की घोषणा की। मिश्रा ने समाज के युवाओं को गलत आदतों से दूर रहने, नियमित वेद पाठ करने एवं समाज के उत्थान में सदैव योगदान देने के लिए प्रेरित किया। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष पाणिग्राही ने उत्कल ब्राहमण समाज के इतिहास को बताते हुए कहा कि इस युग में संगठन का बहुत महत्व है, सभी लोग संगठित होकर अपनी बातों को रखे और समाज के लिए अपना योगदान देकर आगे बढ़ाएं। पाणिग्राही ने ब्राहमण जाति के गौरवमयी इतिहास से कुछ प्रेरक संदेश भी समाज को संप्रेषित किया।

बैठक में प्रदेश के अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम में जिलाध्यक्षगण महासमुंद नित्यानंद मिश्रा, रामपुर लक्ष्मण सतपथी, रायगढ़ अरुण पंडा, बिलासपुर प्रफुल्ल मित्रा, दुर्ग वीरेंद्र सतपथी सहित प्रदेश पदाधिकारीगण गुणनिधि सतपथी, तरुण दास, चैतन्य सतपथी, भागीरथी पंडा, दुर्गाप्रसाद मिश्रा, मनोज सतपथी, दयानंद पंडा विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरायपाली अध्यक्ष प्रकाश मिश्र, रविंद्र पंडा, सुरेश पाणिग्राही, सुनील पाणिग्राही, राकेश महापार, प्रवीण सतपथी, डॉ बीरेंद्र कर, सेवा शंकर पाणिग्राही, नंद किशोर रथ, अभिमन्यु पड़ेगी, प्रतिमा पाड़ी, सीरेंद्री षड़गी, निरुपमा देवता, बंदना सतपथी, रेखा पुरोहित सहित अन्य विप्रजनों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महासचिव सत्यदेव शर्मा एवं आभार प्रदर्शन प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ पूणानंद मिश्रा ने किया।